कोटद्वार, रविवार
1 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 275 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### होली और ईद को लेकर दून पुलिस अलर्ट

देहरादून। होली, ईद और वर्तमान में चल रहे रमजान माह के मद्देनजर दून पुलिस अलर्ट मोड पर है। त्योहारों को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से, एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में सभी धर्मो के संभ्रांत नागरिकों, सीएलजी सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से त्योहारों को मिलजुलकर मनाने की अपील की। इस दौरान सख्त हिदायत दी गई कि त्योहारों की आड़ में किसी भी नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने और अराजकता फैलाने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भी सतर्क दृष्टि रख रही है। अफवाह फैलाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग छात्रा ने बच्ची को दिया जन्म

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिले की एक नाबालिग छात्रा ने बच्ची को जन्म दिया है। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर नवजात शिशु को स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी रुद्रप्रयाग के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 9वीं कक्षा की छात्रा को परिजन पेट दर्द की शिकायत पर जिला अस्पताल लाए थे। प्राथमिक जांच के बाद उसे बेस चिकित्सालय श्रीनगर रेफर किया गया, जहां अल्ट्रासाउंड में गर्भावस्था की पुष्टि हुई। बाद में छात्रा ने बच्ची को जन्म दिया। बच्ची के संरक्षक ने नवजात को अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना बाल कल्याण समिति को दी। समिति के निर्देश पर शिशु को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण को सौंप दिया गया। प्रबंधक पुनीत चौकियाल ने बताया कि दो माह बाद केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) पोर्टल के माध्यम से विधिक दत्तक ग्रहण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रंजना गैरोला ने बताया कि मामले में दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### किशनपुर में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, महिलाओं से अभद्रता, 26 पर मुकदमा

रुड़की। थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद शनिवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के घरों में घुसकर धारदार हथियारों से हमला करने और महिलाओं की लज्जा भंग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल 26 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशनपुर गांव में दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर टकराव हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी–डंडे और धारदार हथियार निकल आए।

पहले पक्ष के मुस्तकीम निवासी किशनपुर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके घर में घुसकर परिजनों के साथ बुरी तरह मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के सलीम निवासी किशनपुर ने भी पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर जवाबी आरोप लगाए।

### रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में मिला अंतरराष्ट्रीय साजिश का कनेक्शन

मुंबई ,मुंबई में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले में लगातार जांच जारी है और मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े–बड़े सुराग भी लग रहे हैं। अब मामले में क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है कि शूटर्स को एटीएम के जरिए घटना को अंजाम देने के लिए मोटी रकम दी गई थी और फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। फंडिंग की पुष्टि के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने जांच को और गहन कर दिया है। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना ने अब अंतरराष्ट्रीय साजिश का रूप लेना शुरू कर दिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है कि फायरिंग को अंजाम देने वाले शूटर्स को दी गई रकम सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई थी,

# देश को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी आदत : पीएम मोदी

अजमेर ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में 16,686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अजमेर आस्था और शौर्य की धरती है। यहां तीर्थ भी है और क्रांति वीरों के पदचिन्ह भी हैं। मैं कल ही इजराइल से लौटा हूं। राजस्थान के सपूत मेजर दलपत जी के शौर्य को इजराइल के लोग आज भी गौरव से याद करते हैं। मुझे भी इजराइल की संसद में मेजर दलपत सिंह जी के शौर्य को नमन करने का सौभाग्य मिला। पीएम ने कहा देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को कमजोर करना, कांग्रेस की पुरानी आदत रही है।यही कांग्रेस है, जिसने हमारी सेना के जवानों को वर्दी और हथियारों तक के लिए तरसा कर रखा था।ये वही कांग्रेस है, जिसने सालों तक हमारे सैनिक परिवारों को ह्नश्रक्र से वंचित रखा था।ये वही कांग्रेस है, जिसके जमाने में विदेशों से होने वाले रक्षा सौदों में बड़े बड़े घोटाले होते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कभी कांग्रेस, द्बहृष्ट इंडियन नेशनल



कांग्रेस थी लेकिन अब द्बहृष्ट नहीं बची है इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं बची है। आज वो बजाय रूरूष्ट बन गई है। रूरूष्ट यानि मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस हो चुकी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इतिहास गवाह है मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी इसलिए मुस्लिम लीग ने देश बांट दिया। आज कांग्रेस भी वही कर रही है। माओवादी भी भारत की समृद्धि हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमला करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा ्द्ब सम्मेलन हुआ। इसमें दुनिया के अनेक देशों के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति कार्यक्रम में आए थे। दुनिया की बड़ी–बड़ी कंपनियां उनके कर्ता धर्ता भी एक छत के नीचे आए थे। सबने भारत की खुले मन से प्रशंसा की.... हताशा निराशा में डूबी कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत करने के लिए पूरा ड्रामा किया। कांग्रेस पूरे देश में लगातार हार रही है और इसका बदला वे भारत को बदनाम करके ले रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ समय पहले ही राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार को दो साल पूरे हुए हैं। मुझे संतोष है कि आज राजस्थान विकास के नए पथ पर अग्रसर है।

### एआई समिट प्रदर्शन के मामले में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष को बड़ी राहत, हाईकोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली ,यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को बड़ी राहत मिली है। एआई समिट के दौरान विरोध प्रदर्शन मामले में देर रात पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी। दिल्ली पुलिस ने उदय भानु चिब को रात में पटियाला हाउस कोर्ट के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने उदय भानु चिब को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने देर रात कोर्ट में उदय भानु चिब की पुलिस कस्टडी रिमांड को 7 दिन बढ़ाने की मांग करते हुए अर्जी दायर की। साथ ही मामले के दो अन्य आरोपियों की रिमांड के लिए भी अलग–अलग याचिकाएं दाखिल की गईं। कोर्ट ने उदय भानु चिब की रिमांड बढ़ाने की दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की अपील को खारिज कर दिया। हालांकि, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से याचिका दाखिल किए जाने के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने उदय भानु चिब को जमानत दे दी।कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि क्राइम ब्रांच रिमांड बढ़ाने की जरूरत के पर्याप्त कारण नहीं बता पाई। कोर्ट ने जमानत देते हुए उदय भानु चिब को पासपोर्ट कोर्ट में जमा करवाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कोर्ट के सामने सरेंडर करने का भी आदेश दिया गया। यूथ कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स् पर पोस्ट किया, सत्यमेव जयते। उदय भानु चिब को जमानत मिली। आधी रात में जब देश सो रहा था, न्याय पालिका दिल्ली क्राइम ब्रांच की हर साजिश को नाकाम कर रही थी। आधी रात में पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने उदय भानु चिब की 7 दिनों की रिमांड बढ़ाने की अर्जी दी, जिसे न्यायपालिका ने नकारते हुए उदय भानु चिब को जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया।

# आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका, 18 लोगों की मौत

### सैकड़ों फीट दूर गिरे शव

काकीनाडा , आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट और आगजनी की घटना में कम से कम 18 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री परिसर में अचानक जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद आग ने तेजी से पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के इलाकों में भी धमाके की आवाज सुनी गई और क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। यह हादसा शनिवार दोपहर को काकीनाडा जिले के सामरलाकोटा मंडल में वेटलापालेम–जी. मेडुपाडु के बीच बनी एक पटाखा फैक्ट्री में हुआ। धमाका इतना ज़बरदस्त था कि मज़दूरों के शव उड़कर सैकड़ों फीट दूर खेतों में जा गिरे। यह फैक्ट्री पेडापुडी रोड पर रहने वाले अडपा नानी के परिवार की बताई



जा रही है। धमाके के बाद पूरा इलाका घने धुएं से भर गया।

इस भयानक धमाके की असली वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब 30 लोग काम कर रहे थे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए हैं। इस घटना के बाद पूरे जिले में मातम पसरा हुआ है। उम्मीद है कि सरकार जल्द ही मरने वालों के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान करेगी।

**मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं**

जानकारी के मुताबिक, जान गंवाने वालों में ज़्यादातर महिलाएं हैं। धमाके के वक्त फैक्ट्री में 30 से ज़्यादा मज़दूर काम कर रहे थे। फैक्ट्री में भारी मात्रा में विस्फोटक सामान होने की वजह से आग अब भी धधक रही है। बार–बार हो रहे छोटे–छोटे धमाकों की वजह से बचाव के काम में भी बड़ी दिक्कत आ रही है। इस हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आशंका है कि कुछ लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

# मुख्यमंत्री ने किया 147 करोड़ 28.56 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### हल्द्वानी–काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजना का किया गया भूमि पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

हल्द्वानी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 147 करोड़ 28.56 लाख की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 72 करोड़ 38 लाख की लागत से 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 74 करोड 90 लाख 56 हजार की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा।

कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से कार्य कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय अन्य राज्यों के लिए



भी प्रेरणा बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है, जिस पर हम संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, कोटाबाग में नलकूप निर्माण, महादेवपुरम व झलुवाझाला नलकूप, बेलपोखरा नलकूप तथा बैलपडाव में सिंचाई नलकूप का लोकार्पण के साथ-साथ महिला महाविद्यालय में लैब निर्माण, लालकुआ में नलकूपों पर स्टैबलाइजर एवं जलजीवन मिशन के अंतर्गत 14 पेयजल योजनाओं हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवलातल्ला, भवानसिंह नवाड़, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेड़ा, जयराम परमा, हल्दूचौड़ जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर, बकुटिया पेयजल योजना कृ के साथ साथ पशु चिकित्सालय रामगढ़ में भवन निर्माण सहित 23 विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने जिन 16 योजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें कसियालेख से धारी मोटर मार्ग, रानीबाग-खुटानी, चाफी-पदमपुरी-धानाचुली, मोतियापाथर-शहरफाटक मार्ग सुधारीकरण, नैनीताल के अनावासीय भवन निर्माण, भेंटी-दियारी-खोली मोटर मार्ग, नशा मुक्ति केंद्र पाण्डे नवाड़ मरम्मत एवं कार्य, नवाबी रोड सीवरेज कार्य, सीवरेज 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, नारीमन तिराहे से गौलापुर तक सड़क मरम्मत, देवरामपुर-गौलागेट सड़क सुधारीकरण, हल्दूचौड़-गौलारोड डीबीएमसी कार्य, चांदनी चौक-घुड़दौड़ तक मार्ग सुधारीकरण, पीपल पोखरा में राइजिंग स्टेशन, हिम्मतपुर-बैजनाथ पीसी कार्य, वृन्दावन विहार एवं चांदनी चौक में पीसी नवनिर्माण, गुसाईपुर में सड़क सुधारीकरण एवं पनचक्की-चौफुला-कठघरिया नहर कवरिंग कार्य शामिल हैं।

### खाद ब्लैक में बेचने के आरोप में कर्मचारी निलंबित

रुड़की। बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति दाबकी कला में एक कर्मचारी की ओर से ब्लैक में खाद बेचने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी लगने पर सहायक निबंधक ने कर्मचारी को निलंबित कर उससे इस बाबत स्पष्टीकरण तलब किया है। मामले में जिला सहायक निबंधक अधिकारी हरिद्वार को भी पत्र भेज दिया गया है। सहायक निबंधक अधिकारी सोनू चोपड़ा ने बताया कि उनके पास लक्सर कोतवाली के निकट बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति दाबकी का एमडी के तौर पर चार्ज है। बताया कि वह 20 फरवरी को समिति से घर वापस लौट गए थे, लेकिन जब वह 21 फरवरी को सुबह लगभग साढे नौ बजे किसान सेवा सहकारी समिति में पहुंचे तो वहां पर खाद बिखरा हुआ पड़ा था। इसके अलावा वहां पर दो पहिया ट्रक के निशान थे। बाद में उन्होंने वहां पर मौजूद कर्मचारियों से खाद की बाबत जानकारी की, लेकिन उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

# तीर्थनगरी में नशा माफिया का नेटवर्क तहस–तहस

ऋषिकेश। नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए ऋषिकेश और मुनिकीरेती पुलिस ने महज दो माह के भीतर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने नशा माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए न सिर्फ उनका नेटवर्क तहस–नहस किया है बल्कि माफिया समेत उनके गुर्गो को भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। दरअसल, ऋषिकेश व सटे इलाकों में नशीले मादक पदार्थों की बिक्री पर पुलिस कार्रवाई में जुटी थी। इसके बाद भी हिस्ट्रीशीटर बाज आने को तैयार नहीं थे। इस पर पुलिस ने चुन–चुनकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई की। बीते साल दिसंबर में हिस्ट्रीशीटर गुरुचरण निवासी ऋषिकेश को जेल भेजा। उस पर एनडीपीएस और आबकारी ऐक्ट समेत 49 मुकदमे दर्ज हैं। फरवरी में मुनिकीरेती पुलिस ने एनडीपीएस समेत 16 मामलों में हिस्ट्रीशीटर रेखा साहनी निवासी चंद्रेवरनगर ऋषिकेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद टिहरी जेल भेजा। उसके गुर्गे गोपाल उर्फ



गोपाली निवासी ऋषिकेश को भी गैंग सदस्य के रूप में जेल भेजा गया। इसके अलावा पुलिस ने 19 मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर मार्कंडेय जायसवाल, रेखा साहनी का बेटा रोहित और सुरेश सभी निवासी चंद्रेश्वरनगर ऋषिकेश पर भी गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की। मार्कंडेय और सुरेश पहले से ही लूट के मामले में टिहरी जेल में बंद थे। लूट में जमानत पर बाहर आए रोहित को गिरफ्तार कर उसे फिर कारागार भेज दिया गया। मालूम हो कि, रेखा, गुरुचरण और मार्कंडेय को स्मैक की बिक्री के मामले में दबोचा गया है।

## एसटीएफ और आगरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 50 हजार का इनामी कुख्यात बदमाश कल्लू ढेर

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट और आगरा पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई में कुख्यात इनामी बदमाश पवन उर्फ कल्लू की मौत हो गई है। 27 फरवरी 2026 को थाना एकता क्षेत्र में एसटीएफ की नोएडा यूनिट और आगरा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कुख्यात इनामी बदमाश को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

अस्पताल में पवन उर्फ कल्लू की मौत हो गई। बदमाश की पहचान पवन उर्फ कल्लू, पुत्र संतराम, निवासी सिरौली, थाना लोनी, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पवन कमिश्नरेट आगरा के थाना ताजगंज में दर्ज रंगदारी के एक मामले में



वांछित था और उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार पवन, शासन द्वारा चिन्हित कुख्यात रणदीप भाटी झ्र अमित कसाना गैंग का सक्रिय शूटर था। उस पर हत्या के चार और रंगदारी के दो समेत कुल 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वर्ष 2021 में हत्या के एक मामले में उस पर एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उस समय उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में रहने के दौरान वह हरियाणा के कुख्यात हिमांशु भाऊ गैंग के संपर्क में आ गया। वर्ष 2025 में जेल से रिहा होने के बाद उसने बड़े पैमाने पर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया था। पुलिस को आशंका है कि वह इस गैंग के साथ मिलकर दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पास से भारी मात्रा में कारतूस और असलहे बरामद किए गए हैं। खास बात यह है कि मौके से बरामद 9 एमएम पिस्टल वर्ष 2016 में थाना बिसरख, गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र में एक कांस्टेबल मोनू धीमन से लूटी गई थी। उस समय कांस्टेबल एडीजे की पीएसओ ड्यूटी में तैनात थे। इस संबंध में थाना बिसरख में केस नंबर 247/16, धारा 279/337/392/427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है।

### ईरान पर हमले के बाद आई ट्रंप की पहली प्रतिक्रिया

वॉशिंगटन , अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया है। इस कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ष्ठशठ्ठड्डद्यस्र ञ्जह्वद्वश्च ने पहली बार सार्वजनिक प्रतिक्रिया देते हुए इसे अमेरिका की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बताया है।एपी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान में बड़े और निर्णायक सैन्य ऑपरेशन शुरू कर दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरान के मौजूदा शासन से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है।

**ट्रंप की सख्त चेतावनी**

अपने वीडियो संदेश में ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता् के नेतृत्व वाले शासन पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर अपने लोगों और सहयोगी देशों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड और सुरक्षा बलों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने हथियार डाल दें और पूर्ण इम्यूनिटी का विकल्प स्वीकार करें, अन्यथा उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

# राहुल गांधी की पंजाब कांग्रेस को चेतावनी— टीम प्लेयर बनो, वरना मैं ठीक कर दूंगा



बरनाला । पंजाब के बरनाला में शनिवार को आयोजित कांग्रेस की महारैली में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पार्टी के भीतर गुटबाजी पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने मंच से नेताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि पार्टी में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि टीम वर्क सर्वोपरि होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, "कोई एक खिलाड़ी मैच नहीं जिता सकता। कांग्रेस के पास पूरी टीम है और सभी को टीम प्लेयर की तरह काम करना होगा। राहुल गांधी ने कहा कि मैं मैसेज देना चाहता हूं कि टीम प्लेयर बनो। वरना रिजर्व में बैठा देंगे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर कोई नेता टीम भावना से काम नहीं करेगा तो वे और कांग्रेस अध्यक्ष मिलकर कार्रवाई करेंगे। राहुल ने यह भी रेखांकित किया कि कांग्रेस की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं और पंजाब में भविष्य की राजनीति उनके सम्मान और भागीदारी से तय होगी।

**मजूदरों के हाथों से मनरेगा को छीन लिया**

राहुल गांधी ने कहा कि पंजाब के किसानों को याद रखना है कि पहले आपको बेचने की कोशिश की थी। तीन कानून लाए थे।

# इस दिन लगने जा रहा साल का पहला चंद्र ग्रहण

### सूतक काल के कारण बदली होली की तारीख

नई दिल्ली , होली के पावन त्योहार को लेकर इस साल लोगों के बीच काफी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आमतौर पर होलिका दहन के ठीक अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है, लेकिन साल 2026 में खगोलीय घटनाओं के कारण इस प्राचीन परंपरा में थोड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस बार 2 मार्च 2026 को होलिका दहन किया जाएगा, लेकिन इसके ठीक अगले दिन यानी 3 मार्च को साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। इस ग्रहण और इसके सूतक काल के कारण 3 मार्च को पूजा–पाठ और रंग खेलना वर्जित माना गया है। पंचांग के अनुसार, 2 मार्च की



रात को पूरे विधि–विधान से होलिका दहन संपन्न होगा। चूंकि अगले दिन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण पड़ रहा है, इसलिए ज्योतिषियों ने ग्रहण के सूतक काल के दौरान रंग खेलने को अनुचित बताया है। सूतक के नियमों का पालन करते हुए इस दिन किसी भी तरह के शुभ कार्य और पूजा–पाठ से बचने की सलाह दी गई है। इसी वजह से इस साल रंगों का यह महापर्व एक दिन की देरी से यानी 4 मार्च को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

**साल 2026 के दूसरे सूर्य ग्रहण का भारत पर असर नहीं**

चंद्र ग्रहण के अलावा लोगों में इस साल लगने वाले सूर्य ग्रहण को लेकर भी काफी उत्सुकता है। खगोल विज्ञान के जानकारों के मुताबिक, साल 2026 में कुल दो सूर्य ग्रहण हैं, जिनमें से पहला 17 फरवरी को लग चुका है। साल का दूसरा सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगने वाला है।

हालांकि, यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह मुख्य रूप से यूरोप, कनाडा और ग्रीनलैंड के आसमान में नजर आएगा। भारत में इसके दिखाई न देने के कारण यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा और किसी भी प्रकार की धार्मिक या मंगल गतिविधियों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी।

**साल 2027 में लगेगा 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण**

सोशल मीडिया पर साल 2026 के सूर्य ग्रहण को लेकर चल रही तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि 'सदी का सबसे बड़ा सूर्य ग्रहणझ् इस साल नहीं बल्कि 2027 में लगने वाला है।

### असम चुनाव : कांग्रेस ने 30 नामों पर लगाई मुहर

गुवाहाटी ,आगामी असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 42 में से 30 उम्मीदवारों के नामों की सूची को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने जानकारी दी कि लोकसभा में विपक्ष के उपनेता और असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई को जोरहाट विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि असम की 42 सीटों पर कांग्रेस ने मंथन किया है, जिनमें से लगभग 30 नामों पर मुहर लग गई है और गौरव गोगोई के जोरहाट से चुनाव लड़ने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के बड़े मुस्लिम चेहरे सांसद रकीबुल हसन भी विधानसभा चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि, चुनाव की आधिकारिक घोषणा के बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जाएगी।

## जयन्त कोटद्वार नाम के समाचार पत्र से संबंधित ब्यौरा

### फार्म-4 (नियम 8)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान- | कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | -दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | -नागेन्द्र उनियाल |
| 4. | क्या भारत का नागरिक है | -हां |
| 5. | प्रकाशक | -नागेन्द्र उनियाल |
| 6. | क्या भारत का नागरिक है | -हां |
| 7. | पता | -बदरीनाथ मार्ग,कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |
| 8. | संपादक का नाम | -नागेन्द्र उनियाल |
| 9. | क्या भारत का नागरिक है | -हां |
| 10. | पता | -बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |
| 11 | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | -एकल स्वामित्व नागेन्द्र उनियाल -बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |

मैं नागेन्द्र उनियाल एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपरोक्त विवरण सत्य है।

(ह०) नागेन्द्र उनियाल
(प्रकाशक)

दिनांक 1 मार्च 2026

# सुशासन का अटल संकल्प हो रहा साकार

किरण देव

भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति में विकास और सुशासन के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास की जिस यात्रा की ओर अग्रसर है, उसके पीछे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा दिया गया सुशासन का वह मंत्र पाथेय है, जिसे केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकारों ने अंत्योदय की रीति–नीति बनाया है। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कवि हृदय अटल छत्तीसगढ़ से गहरा नाता था। छत्तीसगढ़ निर्माण से पहले रायपुर के सप्रे मैदान में आयोजित चुनावी सभा का दृश्य आज भी मुझे याद है, जब अटल जी की एक झलक पाने के लिए छत्तीसगढ़ के कोने–कोने से लोग वहां पहुंचे थे। उस समय उन्होंने जैसे ही छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का उद्घोष लगाया पूरा मैदान छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति आस्था के भाव से स्पंदित हो उठा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप 11 सीट जीतकर दीजिए, मैं छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा। उस चुनाव में हमारी पार्टी के सात सांसद छत्तीसगढ़ से जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। श्रद्धेय अटल ने छत्तीसगढ़वासियों से किया गया वादा पूरा कर अपनी संकल्पबद्धता का प्रमाणित कर राजनीतिक प्रतिबद्धता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। 31 जुलाई 2000 को लोकसभा और 9 अगस्त को राज्यसभा में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रस्ताव पर मुहर लगी। चार सितम्बर 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद एक नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

सौभाग्य से यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का रजत जयंती वर्ष है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता अपने राज्य निर्माता श्रद्धेय अटल के पुण्य कृतित्व के लिए उन्हें अपनी आदरांजलि प्रकट कर रही है। अटल राजनीति को परमार्थ का माध्यम मानते थे। वह समावेशी विकास के अगुवा थे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए उन्होंने देशभर के गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा। आज अटल के विजन पर देशभर में 6 लाख किलोमीटर से अधिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें बन चुकी हैं। अटल की दूरदृष्टि को साकार करते यह महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में समृद्धि की वाहक बनी है। इसका आकलन इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले 25 वर्ष में लगभग 22 हजार 750 किमी लम्बी सड़कों का जाल बिछा जा चुका है। अटल को देश में राजमार्ग क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। अटल के प्रधानमंत्रीत्व काल में शुरू हुई स्वर्णिम चतुर्भुज योजना राष्ट्रीय राजमार्गों के जरिए देश को एकसूत्र में पिरोती है। 11–13 मई 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया को बता दिया कि भारत अपनी संप्रभुता एवं अखंडता से कोई समझौता नहीं कर सकता।अटल का पूरा जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने में समर्पित रहा। उन्होंने केन्द्र में जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की, जिससे जनजातीय समाज के सर्वांगीण उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी नीतिगत पहल से छत्तीसगढ़ समेत देश के सभी जनजातीय बाहुल्य राज्य लाभान्वित हो रहे हैं।अटल ने स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 2001–2002 में सर्वशिक्षा अभियान शुरू किया। इसकी बदौलत देश के हर आय वर्ग के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा की राह आसान हुई। अटलने विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को देश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम शुरू किया। अटल के कार्यकाल में भारत ने करगिल युद्ध में न सिर्फ विजय प्राप्त की बल्कि आतंकवाद पोषक पाकिस्तान के दांत खट्टे करते हुए उसे अंतर्राष्ट्रीय जगत में अलग–थलग करने का काम किया।भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के आचरण और उसकी प्राथमिकता तथा हमारी सरकार के नीतिगत निर्णयों में श्रद्धेय अटल के चिंतन की स्पष्ट अभिव्यक्ति होती है। अटल की जिस प्रेरणा और दर्शन को आत्मसात कर हम आगे बढ़ रहे हैं, इससे भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकारों पर जनता का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। अटल ने छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर जो स्वप्न देखा था उसे जनता के आशीर्वाद से डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में पंद्रह वर्ष तक भाजपा सरकार ने साकार रूप देने का कार्य किया, विकास की उसी अटल दृष्टि के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं विष्णु देव साय की अगुआई वाली वर्तमान भाजपा सरकार अंत्योदय के अनुष्ठान में जुटी है।छत्तीसगढ़ में हमारी डबल इंजन की सरकार के लिए पहले दिन से ही गरीब, किसान, महिला, युवा, जनजातीय समाज का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता में रहा है। हमारी सरकार ने गठन के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति का निर्णय लिया। आज प्रदेश में 26 लाख पीएम आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू है। कांग्रेस की पिछली सरकार ने किसानों के साथ जिस तरह छल किया, उससे वह अन्नदाता की नजरों से हमेशा के लिए उतर गई है। हमारी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन, सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को राज्य के 12 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। पिछले तीन खरीफ सीजन से हमारी सरकार किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी के कीर्तिमान रच रही है।छत्तीसगढ़ देश की इकोनॉमी का इंजन है। बावजूद इसके नक्सलवाद ने हमारी विकास यात्रा को काफी बाधित किया था। अब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प तथा जवानों के अदम्य साहस से माओवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के करीब है।

# भयाकुल जीवन झूठ की कोयला खदानों में सांस ले रहा

हरिशंकर व्यास

**कुल मिलाकर आर्थिकी खुली, तब भी देश चीन की तरह फ़ायदा नहीं उठा पाया। हाँ, नारायणमूर्ति जैसे कुछ नए उद्यमियों की बदौलत भारत ज़रूर आईटी क्षेत्र में दुनिया का बैकऑफ़िस, आईटी–कुलियों का सप्लायर देश बना। मेरा मानना है कि ग़ुलामी के इतिहासजन्य डीएनए से हम हिंदू बुद्धि–बल से ज्ञान–विज्ञान–शोध–तकनीक–लेखन में कुछ भी मौलिक रचने में समर्थ नहीं हैं। हमें केवल जुगाड़ आता है। समय रीपिट होता रहता है। अंग्रेज़ों के समय गन्ना पैदा करने वाले किसान विदेश (फ़िजी, मॉरिशस, सूरीनाम आदि) गए। वैसे ही नए मिलेनियम में भारत का योगदान खाड़ी देशों में मज़दूर सप्लाई तथा आईटी–कर्मियों की दुनिया की सेवा था। उसी से अमेरिका, पश्चिमी देशों में भारतीयों का जाना हुआ।**

देश इन दिनों सत्य–शोध की कोयला खदान है, जिससे यदा–कदा निकले चमकीले कण दिमाग़ और बुद्धि को खदबदा देते हैं। हाल में रक्षा बजट में एक लाख करोड़ रु. से अधिक बढ़ोतरी की खबर थी। भारत 2026–27 में 2.19 लाख करोड़ रु. के सैन्य उपकरण खरीदेगा। ऐसे ही यूरोपीय संघ के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से व्यापार समझौते की सुर्ख़ी है। मतलब जहाँ सैन्य क्षमताओं में बढ़ोतरी का क़दम, वहीं भारत की आर्थिकी का खुलना। कभी मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे अरविंद सुब्रमण्यम ने लिखा है कि अब भारत विश्व की सर्वाधिक खुली आर्थिकी होने के क़गार पर है! बहुत अच्छा। पर ये फ़ैसले भारत की मजबूरी से हैं या ठोस संकल्प से हैं?

आख़िर चीन से हारने के बाद सैन्य ताक़त का विस्तार तो नेहरू के समय में ही शुरू हो गया था। फिर लालबहादुर शास्त्री ने मुंबई में ट्रॉम्बे में एटमी भट्टी का शिलान्यास किया। इंदिरा गांधी ने परमाणु परीक्षण कराया। नरसिंह राव ने परमाणु बम–मिसाइलें बनवाईं, तो वाजपेयी ने बिना आगे–पीछे सोचे पोखरण में पाँच परीक्षण कर दुनिया को बताया–आज बुद्ध पूर्णिमा है!ऐसे ही नरसिंह राव ने आर्थिकी खोली। मनमोहन सिंह ने उससे भूमंडलीकरण साधा, तो ट्रंप के झटकों के बाद भारत अब उनकी शर्तों पर व्यापार समझौता किए हुए है। सर्वाधिक खुली आर्थिकी के जुमले बन रहे हैं, तो स्वाभाविक सवाल है–खुलने से हम बाज़ार बनेंगे या समर्थ, आत्मनिर्भर होंगे या आश्रित ? यह मानना तो मूर्खता ही होगी जो सोचे कि चीन डरकर लद्दाख, अरुणाचल से निगाह हटा लेगा या पाकिस्तान की कश्मीर से नज़र हट जाएगी। हक़ीक़त है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक सैन्य जगत में भारत की जो किरकिरी हुई, उसने मोदी सरकार को सैन्य ख़र्च बढ़ाने के लिए मजबूर किया है।ऐसे ही अमेरिका और यूरोप के साथ व्यापार करार भी भयाकुल मनोदशा में हैं।

यही कलियुगी हिंदुओं का वह इतिहासजनित डीएनए है, चरित्र है, जिसमें मुझे कोयला खदान का बिंब झलकता है! कोई तीन दशक पहले मैंने झारखंड घूमते हुए कोयला खान के मुहाने के घने काले परिवेश में काली धूल में लथपथ जीवन महसूस किया था। मिट्टी, मज़दूरी, झोपड़ियाँ, मज़दूर (आदिवासी बहुल), इन्फ़्रास्ट्रक्चर–सब काली धूल में लथपथ। मानो शनि का घर। फिर घूमते–घूमते कोल इंडिया, स्टील इंडिया के सरकारी प्रतिष्ठान, बोकारो का स्टील प्लांट देखा–समझा, तो दिमाग़ बुरी तरह खदबदाया। मेरी इस सोच को बल मिला कि नेहरू के समाजवाद, लाइसेंस–कोटा–परमिट और अंग्रेज़ विरासत ने सब गुड़गोबर किया है।

अर्थात मुस्लिम–मुग़ल लुटेरों–शासकों से जहां हिंदुस्तान खेतीहर पैदावार, हस्तशिल्प की उत्पादकता–व्यापार में लुटा तो अंग्रेज़ हुक्मरानों ने लगान–लूट के अलावा खदानों–कच्चेमाल (माइनिंग), व्यापार (मर्केंटाइल)–यानी कोयले की दलाली–के काले हाथों में हिंदुस्तानियों को रंगा। लुटेरे जगतसेठ पैदा किए। वही दिशा स्वतंत्रता के बाद, प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू से बनी। उन्होंने पुराने अंग्रेज़ मॉडल की विरासत की नींव पर 'आइडिया ऑफ़ इंडियाझ गढ़ा। ऐसा समाजवाद अपनाया, जो सत्ता द्वारा, सत्ता के ख़ातिर, सत्ता की लूट का तंत्र विकसित करने वाला था। नतीजतन भारत के लोग पावरफ़ुल 'नागरिक बनने की बजाय और अधिक हुकूम के बंधुआ, क़ानूनों में बंधे, माई–बाप सरकार पर आश्रित हुए। नौकरशाही ने समाजवाद के नाम पर आर्थिकी को माइनिंग–मर्केंटाइल के ढाँचे वाली कोयला खान को पुनर्गठित किया!

समय कुछ बदला। सो बुद्धिमान पी. वी. नरसिंह राव की मौन बहादुरी से भारत ने ताज़ा हवा पाई। डॉ. मनमोहन सिंह की दृष्टि, विद्वत्ता से वैश्विक राजधानियों में भारत का मान बना। पर हम हिंदुओं का इतिहास तो भयाकुल क़ौम का है। समर्पण–भूख–भय–भक्ति का है। वह कैसे मिटता? मेरा लिखना इमरजेंसी के समय 1976 से शुरू हुआ है। तब वैश्विक विषयों (सोवियत संघ, शीतयुद्ध, अफ़ग़ानिस्तान आदि) पर लिखता था, तो साम्यवाद, समाजवाद, गरीबी हटाओ, 20 सूत्री कार्यक्रमों से भारत समझ आता था। पूरा ठीकरा नेहरू के आइडिया, समाजवाद, गिरगिटी नौकरशाही की कोयला खदान पर केंद्रीत हुआ। तब भी ज़ाहिर था कि हिंदुओं का वह भक्ति काल है, जो हज़ार साल की ग़ुलामी से पैदा कायरता का बाय–प्रोडक्ट है।

इसलिए मेरे लिए 1977 में कांग्रेस की हार और इंदिरा गांधी की जगह निर्भीकता का मंत्र देने वाले मोरारजी देसाई का शपथ लेना मानो क्रांति के क्षण थे। पर उन्होने भी नेहरू के आइडिया ऑफ़ इंडिया के ढाँचे को नहीं समेटा। उलटे सदियों से सत्ता के लिए फड़फड़ाती क़ौम के नए प्रतिनिधि भुख्खड़ों में घमासान बना। पहले समाजवादी, फिर कम्युनिस्ट नेताओं की वह तोड़फोड़, वह आचरण प्रकट हुआ, जिसमें आयाराम–गयाराम भी हुआ; तो बाँटो और राज करो की मंडल राजनीति, फिर संघ–आडवाणी की कमंडल राजनीति भी खिली। चुपचाप भगवा रंग चढ़ने लगा।बीच में जरूर नरसिंह राव ने अफ़सरों (शासन) की दख़ल घटाई, भारत खुला; पर सत्ता की भूख, हड़बड़ी (जैसे 1947 से पहले नेहरू–गांधी की थी) भी खुली। मंडल–कमंडल के वे नेता ज़मीनी हल्ला बनाते हुए थे, जिससे देश ने चीन के साथ–साथ उठने के अवसर गँवाए। कम्युनिस्ट सुरजीत–प्रकाश करात, लालू, रामविलास आदि प्रगतिशीलता, सामाजिक न्याय के हवाले अपने ही समर्थ से बनाई मनमोहन सिंह सरकार की नाक में भी दम किया।कुल मिलाकर आर्थिकी खुली, तब भी देश चीन की तरह फ़ायदा नहीं उठा पाया। हाँ, नारायणमूर्ति जैसे कुछ नए उद्यमियों की बदौलत भारत ज़रूर आईटी क्षेत्र में दुनिया का बैकऑफ़िस, आईटी–कुलियों का सप्लायर देश बना। मेरा मानना है कि ग़ुलामी के इतिहासजन्य डीएनए से हम हिंदू बुद्धि–बल से ज्ञान–विज्ञान–शोध–तकनीक–लेखन में कुछ भी मौलिक रचने में समर्थ नहीं हैं। हमें केवल जुगाड़ आता है। समय रीपिट होता रहता है। अंग्रेज़ों के समय गन्ना पैदा करने वाले किसान विदेश (फ़िजी, मॉरिशस, सूरीनाम आदि) गए। वैसे ही नए मिलेनियम में भारत का योगदान खाड़ी देशों में मज़दूर सप्लाई तथा आईटी–कर्मियों की दुनिया की सेवा था। उसी से अमेरिका, पश्चिमी देशों में भारतीयों का जाना हुआ।सोचे, प्रवासियों ने जो कमाया, वह किसमें जाया हुआ? केरल के मलयाली परिवार की प्रवासी कमाई हो या पूर्वी यूपी के खाड़ी देशों में गए मज़दूरों की कमाई, या बेंगलुरु के आईटी हब में उत्तर भारत की काम कर रही श्रमशक्ति, या बिहार से देश भर में फैले मज़दूरों की कमाई–इससे देश की शक्ल दो तरह से बदली है। 2010 के बाद का कथित भारत–विकास या तो खपत–बाज़ार बढ़ाने का चक्र लिए हुए है, या टैक्स, जीएसटी से सरकार की फ़िज़ूलख़र्ची (वेतन आयोगों, लुटियन दिल्ली में इमारतें बनाने, इन्फ़्रास्ट्रक्चर, फिर उन्हें क्रोनी पूँजीपतियों को बाँट देना) का वह दुष्चक्र है, जिसके झाँसे, ललक ने घर–परिवारों, नौजवान दंपत्तियों, मध्यवर्ग, निम्न वर्ग, किसान–सभी को क़र्ज़ में जीने का आदी बना दिया है। सोचे, कभी भारत का ग़रीब बचत के रिकॉर्ड बनाता था और अब हर कोई क़र्ज़ों में डूबा है, ख़ैरात पर ज़िंदा है। देश में संतुष्ट, स्वपोषक, आत्मनिर्भर केवल वही आबादी है, जो कोयले की खान की काली कमाई, दलाली से हराम का जीवन जी रहे हैं!

विकास के नाम पर कोयले की खान का क्या रूप–परिवर्तन है? मशीनें चीन की लग गई हैं, भ्रष्टाचार के भरपूर विकास में दुनिया के नंबर एक हैं। पर दिल्ली हो या झारखंड का निवासी–हर भारतीय धुएँ, धूल से फेफड़े काले करते हुए है। मज़दूर हो, आधुनिक गिग वर्कर हो–सब लाचारी, दीनता, क़र्ज़ से जीते हुए हैं। पर यह जरूर हुआ सत्ता की काली खान, कोयले के काले धंधों ने नए जगतसेठ पैदा किए। वे सेठ जो सस्ता कच्चा तेल खरीदते हैं, कोयला निकालते हैं और पेट्रोल–डीज़ल–गैस तथा बिजली सब मंहगा भारतीयों को बेचते हैं–तो विदेशियों को भी बेचते हैं। मुग़ल–अंग्रेज़ ज़माने के जगतसेठ अब उन नए चेहरों में कन्वर्ट हैं, जो न हल्दी लगे, न चूना–रंग चोखा आए के नुस्खे में ख़रबपति बनने के वैश्विक रिकॉर्ड बना रहे हैं।सो वैश्विक पैमाने पर भारत की आर्थिकी सर्वाधिक खुले तब भी क्या होना है? पर खुलना मजबूरी भी है। अमेरिका या योरोप से भारत समझौता न करे, तो सहारा क्या है? भारत किनके बूते दुश्मन चीन और पाकिस्तान से बचेगा? ये वे दो देश हैं, जिनकी चिंता में सरकार ने रक्षा बजट में 2.19 लाख करोड़ रु. के सैन्य उपकरण खरीदने का फैसला किया।

पर क्या सैन्य हथियार ख़रीदने से क्या चीन और पाकिस्तान डरेंगे? हथियार तो हिंदू राजा–रजवाड़े भी रखते थे। उनकी पूजा भी करते थे। मगर ख़ैबर पार से आ रहे हज़ार–पंद्रह सौ घुड़सवारों के आगे भाग खड़े होते थे। लड़ने के बजाए भागने, समर्पण का राजा जुगाड़ तलाशता था।क्यों? जवाब है कौम का कलियुग की काली बुद्धि, काले शनि की छाया में जो जीना है। याद करें, मोदी सरकार ने राफ़ेल खरीद कर कैसी सूरमाई झांकी बनाई थी। नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह ने पूजा की, काला धागा बाँधा। हुआ क्या? ऑपरेशन सिंदूर के सत्य के लिए वैश्विक रिपोर्ट तलाशीं, तो मालूम हुआ–राफ़ेल का नुक़सान। ट्रंप ने क्या बोला? ज् मोदीजी के निजी दोस्त ट्रंप क्या कह रहे थेज्. तब विमान गिर रहे थे, पाँचज् छह!

जाहिर है संकट गहरा–दिमागी है। भयाकुल हिंदू जीवन झूठ की कोयला खदानों में सांस ले रहा है। भीड़ अब सनातनी चरित्र वाली नहीं बल्कि उस कायर, कलियुगी जमात की है जो एक सनातनी दंडीधारी शंकराचार्य से सवाल करता है कि साबित करो–तुम शंकराचार्य हो! सनातनी परंपरा के उस प्रतीक से सवाल, जिसका सत्त्व–तत्त्व है–उठो, जागो और श्रेष्ठ को प्राप्त सत्य को जानो, सत्य में ही जियो। (उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत। – कठोपनिषद्)

ध्यान रहे जो कौम बुद्धि श्रेष्ठ, शुद्ध, सत्य लिए नहीं होती वही मनुष्य, देश अपने और सत्य के बीच दूरी बनाता है और सदैव भय में जीता होता है। (यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते, अथ तस्य भयं भवति। – बृहदारण्यक उपनिषद्)। तभी मेरा मानना है–भारत भय, बुद्धिहीनता की वह कोयला खदान है जिससे सब कुछ कलुषित है। काली जुबां है, काले जुगाड़ हैं।

# सांप्रदायिक भावनाओं के कारण तनाव

राजनेताओं को स्वार्थ से उठ कर समस्या पर विचार करना चाहिए। समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ रहे हों, तब थोपी गई एकता कारगर नहीं हो सकती। जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है।

पिछले महीने मणिपुर चूराचंदपुर में 31 वर्षीय मयंगलम्बम सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपनी मंगेतर से मिलने गए थे। मंगेतर कुकी–जो समुदाय की थी। उस हृदय–विदारक घटनाक्रम में इकी भीड़ ने युवती को वहां से जाने दिया। उसके बाद मयंगलम्बम सिंह को मार डाला गया। हत्यारों ने दया की भीख मांगते उस व्यक्ति का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित किया। इस घटना से जाहिर हुआ था कि पौने तीन साल से जारी हिंसा ने मैतेई और कुकी समुदायों में किस हद तक दुराव पैदा किया है।

उस घटना के बाद मीडिया में आई रिपोर्टों से संकेत मिला है कि सांप्रदायिक नफरत का ये जहर किस हद तक फैला चुका है। असर इतना घातक है कि अब विवाहित मैतई और कुकी दंपती अपने को मुसीबत में पा रहे हैं। ऐसे कई सामने आए मामले हैं, जिनमें ऐसे दंपतियों पर तलाक लेने का दबाव उनके समुदाय के लोगों ने बनाया हैं। उनमें कई दंपतियों की कई संतानें भी हैं। कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें पति– पत्नी हिंसा भड़कने के बाद से अलग रहने को मजबूर हैं। हैरतअंगेज है कि राजनीतिक दलों को समाज में उभरी ऐसी विभाजक प्रवृत्तियों की फिक्रनहीं है। इन हालात को नजरअंदाज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस महीने मणिपुर में नई सरकार बनाई। उसके बाद से राज्य में हिंसा का नया दौर आया हुआ है।

चूराचांदपुर, उखरुल और अन्य कुकी बहुल इलाकों में आगजनी, पथराव, पुलिस से झड़प आदि जैसी अनेक घटनाएं हुई हैं। कुकी–जो समुदाय के लोग अपनी बहुलता वाले इलाको को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं। यानी वे मणिपुर का हिस्सा नहीं रहना चाहते, जिसमें मैतेई बहुसंख्यक हैं। राजनेताओं को थोड़े समय के लिए स्वार्थ से उठ कर इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

उन्हें समझना चाहिए कि जब समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ गए हों, तब ऊपर से थोपी गई राजनीतिक एकता कारगर नहीं हो सकती। अतः जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है। इसे जितना नजरअंदाज किया जाएगा, स्थितियां उतनी ही विकट होती जाएंगी।

## सौदा पारदर्शी हो

बड़ी ताकतें अपनी कंपनियों को सौदा दिलवाने के लिए भारत को महज एक बाजार के रूप में देखती हैं। मगर भारत को उनके दबाव में नहीं आना चाहिए। यह भी जरूरी है कि सौदा पारदर्शी हो, ताकि उसको लेकर विवाद पैदा ना हो।फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों को खरीदने का फैसला तत्कालीन यूपीए सरकार ने किया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने उसे आगे बढ़ाया, लेकिन उन्होंने खरीदारी की शर्तों में उलटफेर कर दी। इसी कारण मोदी सरकार ने जब पहली बार राफेल विमानों को खरीदा, तो उस सौदे पर ना सिर्फ भारत, बल्कि फ्रांस में भी बड़े विवाद हुए। दोनों जगहों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। मगर वह दीगर मामला है। उस विवाद को विमानों की गुणवत्ता पर प्रतिकूल टिप्पणी नहीं माना जाएगा। हां, पिछले वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने कई भारतीय राफेल विमानों को मार गिराने का दावा किया था, तो जरूर विमानों की तत्परता से संबंधित प्रश्न उठे।बहरहाल, उस दावे की सच्चाई क्या है, इस बारे में भारत सरकार ने अभी तक कुछ नहीं कहा है। इस बीच चार दिन के उस सीमित युद्ध ने भारत की रक्षा तैयारियों में और दम लगाने की जरूरत निर्विवाद रूप से जाहिर किया। यह भी साफ हुआ कि आगे की लड़ाइयों में वायु सेना की प्रमुख भूमिका होगी। अतः भारतीय वायु सेना की लड़ाकू विमानों की जरूरत को पूरा करना अनिवार्य है। अब केंद्र ने 114 राफेल विमानों को खरीदने का जो फैसला किया है, उसे इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। फ्रेंच कंपनी दसॉ के राफेल विमान उन्नत तकनीक से लैस हैं, यह आम धारणा है। चूंकि भारत के पास पहले ये विमान हैं, इसलिए उन्हें ही खरीदना भी सही निर्णय माना जाएगा।अब समझ यह बनी है कि आधुनिक हथियार एवं उपकरण उच्च तकनीक से संचालित हैं, वैसे में एक जैसे सिस्टम अधिक कारगर हो रहे हैं। इसलिए भारत को अलग–अलग देशों से सिस्टम खरीदने की नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। बड़ी ताकतें अपनी कंपनियों को सौदा दिलवाने के लिए भारत जैसे देशों को महज एक बाजार के रूप में देखती हैं। मगर भारत को उनके दबाव में नहीं आना चाहिए। उसे अपनी जरूरतों के अनुरूप सौदे करने चाहिए। फिर यह भी जरूरी है कि हर सौदा पारदर्शी हो, ताकि उसको लेकर उस तरह का संदेह पैदा ना हो, जैसा पिछले राफेल सौदे के समय हुआ था।

# द केरल स्टोरी के निर्देशक की आगामी फिल्म चरक का टीजर रिलीज




द केरल स्टोरी फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथझ् का टीजर आज जारी हुआ है। टीजर में भारत के ग्रामीण इलाकों में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र–मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। जानते हैं कैसा है 'चरकझ् का टीजर और क्या है इसमें कुछ खास? चरक मेले की भयावह बैकग्राउंड पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे समुदाय की कहानी है, जो मानता है कि यह त्योहार उनकी लंबे समय से लंबित मनोकामनाओं को पूरा करने का आखिरी मौका है। जैसे–जैसे अनुष्ठान तेज होते जाते हैं, टीजर में कुछ परेशान करने वाली प्रथाओं और नैतिक दुविधाओं की झलक मिलती है। जो फिल्म को भक्ति, त्याग और गलत विश्वास की एक गहरी पड़ताल के रूप में दिखाती हैं। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिश्रित किया गया है। टीजर में अंधविश्वाल व तंत्र–मंत्र की अलग–अलग विद्याओं व विधाओं के बारे में दिखाया गया है। इसमें अघोरी से लेकर बली देने की प्रथा तक शामिल है। शीलादित्य मौलिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अंजली पाटिल, साहिदुर रहमान, सुब्रत दत्ता, शशि भूषण, नलनीश नील, शंखदीप और शौनक श्यामल सहित कई जाने–माने कलाकार शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने दूसरे वनडे में भारत को हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

नईदिल्ली,ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराते हुए सीरीज में 2–0 से अजेय बढ़त बनाई। होबार्ट में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 251/9 का स्कोर बनाया, जिसमें हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने अर्धशतक लगाए। जवाब में मेजबान टीम ने जॉर्जिया वोल के शतक (101) की मदद से 37वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। स्मृति मंधाना (31) और प्रतिका ने मिलकर पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। अच्छी शुरुआत के बाद भारत ने निरंतर विकेट गंवाए और टीम का स्कोर एक समय 130/5 हो गया। संकट की घड़ी में हरमनप्रीत ने भी अर्धशतक लगाया और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड (80) ने अच्छी पारी खेली। इसके बाद वोल के शतक की मदद से टीम ने जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने सीरीज के दूसरे मैच में 70 गेंदों में 2 चौके और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। भारतीय कप्तान ने वनडे क्रिकेट में अपना 24वां अर्धशतक पूरा किया। अब तक उन्होंने 163 वनडे मैचों में 37.32 की औसत से 4,500 रन (अब 4,516) पूरे कर लिए हैं।

# मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का बड़ा ऐलान, वानखेड़े स्टेडियम में रवि शास्त्री के नाम पर होगा स्टैंड का नाम



मुंबई,वानखेड़े स्टेडियम, जिसने अपने 50 साल के सफर में कई अहम मैच होस्ट किए हैं, के स्टैंड के नाम महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, दिलीप वेंगसरकर और अनुभवी क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेटर और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के नाम पर हैं.

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की टॉप काउंसिल ने शुक्रवार को मुंबई के पूर्व कप्तान और जाने–माने कमेंटेटर शास्त्री के नाम पर एक स्टैंड का नाम रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. वानखेड़े स्टेडियम के गेट पहले से ही वीनू मांकड़ और पॉली उमरीगर के नाम पर हैं. स्टेडियम परिसर में सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और शरद पवार की मूर्तियां भी हैं. इसके अलावा, गेट का नाम भारत के पूर्व खिलाड़ियों दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी के नाम पर रखा जाएगा, जो भारत में महिला क्रिकेट की शुरुआत करने वालों में से एक हैं. जिसमें गेट नंबर 3 – दिलीप सरदेसाई गेट, गेट नंबर 6 – एकनाथ सोलकर गेट और गेट नंबर 5 – डायना एडुल्जी गेट रखा जाएगा. एमसीए ने एक प्रेस रिलीज में कहा, एमसीए की एपेक्स काउंसिल ने 27 फरवरी 2026 को हुई अपनी मीटिंग में, मुंबई और भारत के जाने–माने पूर्व क्रिकेटरों को खेल में उनके कीमती योगदान के लिए सम्मान देने के लिए जरूरी प्रस्तावों को मंजूरी दी.

# फिल्म हंसी तो फंसी फिर देगी सिनेमाघरों में दस्तक, 6 मार्च को होगी रिलीज



सिद्धार्थ मल्होत्रा और परिणीति चोपड़ा की फिल्म हंसी तो फंसी फिस से सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। पीवीआर और आईनॉक्स लिमिटेड, धर्मा प्रोडक्शन के सहयोग से इसे दोबारा ला रहे हैं। विनील मैथ्यू द्वारा निर्देशित यह फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी जिसे आईएमडीबी पर 6.8 की रेटिंग दी गई है। फिल्म का निर्माण करण जौहर, विकास बहल, विक्रम आदित्य मोटवाने और अनुराग कश्यप द्वारा किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म हंसी तो फंसी 6 मार्च, 2026 को दोबारा से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक अनोखी प्रेम कहानी है जो विचित्रता, उथल–पुथल और दिल को छू लेने वाली भावनाओं से भरपूर है। दर्शकों को न सिर्फ इसकी कहानी भाती है, बल्कि इसके गाने भी लोगों के दिलों के बेहद करीब हैं। फिल्म के एक डायलॉग में, परिणीति का टंग ट्विस्टर भी खूब लोकप्रिय हुआ था जिसपर आज भी इंस्टा रील्स बनती हैं। फिल्म हंसी तो फंसी की री–रिलीज पर करण ने प्रतिक्रिया देते हुए खुशी जताई है। उन्होंने कहा, यह मेरे दिल में एक खास जगह रखती है।

## फिल्म कल्कि 2 पर अमिताभ बच्चन ने दी बड़ी खबर

साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया था। अब इसके सीक्वल कल्कि 2 का इंतजार किया जा रहा है, जिसका हिस्सा महानायक अमिताभ बच्चन दोबारा होंगे। अपने हालिया व्लॉग में दिग्गज ने खुलासा किया है कि वह पिछले दिनों हैदराबाद में थे, जिस कारण अपने फैंस से मुलाकात नहीं कर सके। उन्होंने शहर से बाहर होने का कारण बताते हुए लिखा कि वह कल्कि 2 की शूटिंग में व्यस्त थे।

अमिताभ ने लिखे अपने व्लॉग में बताया कि कल्कि 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके लिए वह हैदराबाद में थे, जहां उन्होंने कमल हासन से मुलाकात की।

# 28 मार्च से शुरू होगा आईपीएल–2026 टूर्नामेंट, 31 मई को खेला जाएगा फाइनल



नईदिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन की तारीखों को ऐलान हो गया है। क्रिकइंफो के मुताबिक, आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से शुरू होगा और इसका फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा। खबरों के मुताबिक, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल अगले हफ्ते मीटिंग करेगी ताकि शेड्यूल जारी करने के प्लान को फाइनल किया जा सके। बता दें कि कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसके चलते शेड्यूल की आधिकारिक घोषणा में देरी हुई है।

ऐसी भी खबर है कि आईपीएल के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा अगले हफ्ते की जाएगी। असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों की तारीखें अभी तक घोषित नहीं हुई हैं। इन राज्यों में आईपीएल के मैच खेले जाने हैं। इससे पहले 2009, 2014, 2019 और 2024 में चुनावों के समानांतर आईपीएल के मुकाबले 2 भागों में खेले गए थे। ऐसी उम्मीद है कि गवर्निंग काउंसिल इस बार भी यही योजना रख सकती है। यह अभी साफ नहीं है कि टूर्नामेंट का पहला मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा या नहीं। आम तौर पर आईपीएल का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन के घरेलु मैदान पर होता है, लेकिन चिन्नास्वामी के भविष्य को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को राज्य सरकार से चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैच करने के लिए सशर्त मंजूरी मिल गई है।

# मुख्यमंत्री ने पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का किया शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

हल्द्वानी : शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद नैनीताल के हल्द्वानी भ्रमण के दौरान रामपुर रोड स्थित पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर केवल एक अस्पताल के उद्घाटन का नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, संघर्ष और सेवा की प्रेरक यात्रा का प्रतीक है। कहा कि पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का शुभारंभ समाज के प्रति समर्पित एक ऐसे परिवार की कहानी को दर्शाता है, जिसने अपने जीवन मूल्यों को कर्म के माध्यम से साकार किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 250 बेड का यह आधुनिक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित है। यह संस्थान भविष्य में चिकित्सा उत्कृष्टता के मानचित्र पर उत्तराखंड को और अधिक सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हमारी बेटियों के जीवन के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही थी। बेटियों को इस गंभीर रोग से सुरक्षित करने के संकल्प के साथ यह राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया गया है, जो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ और प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में आयुष्मान उत्तराखंड योजना के अंतर्गत 61 लाख से अधिक नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। निःशुल्क जांच योजना के तहत मरीजों को 207 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचें बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ऊधमसिंह नगर में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, नवीन लाल वर्मा, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक जगदीश पिमोली आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का किया शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि। हल्द्वानी : शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद नैनीताल के हल्द्वानी भ्रमण के दौरान रामपुर रोड स्थित पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर केवल एक अस्पताल के उद्घाटन का नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय, संघर्ष और सेवा की प्रेरक यात्रा का प्रतीक है। कहा कि पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का शुभारंभ समाज के प्रति समर्पित एक ऐसे परिवार की कहानी को दर्शाता है, जिसने अपने जीवन मूल्यों को कर्म के माध्यम से साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 250 बेड का यह आधुनिक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित है। यह संस्थान भविष्य में चिकित्सा उत्कृष्टता के मानचित्र पर उत्तराखंड को और अधिक सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हमारी बेटियों के जीवन के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही थी। बेटियों को इस गंभीर रोग से सुरक्षित करने के संकल्प के साथ यह राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया गया है, जो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ और प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में आयुष्मान उत्तराखंड योजना के अंतर्गत 61 लाख से अधिक नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। निःशुल्क जांच योजना के तहत मरीजों को 207 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचें बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ऊधमसिंह नगर में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन कार्यक्रम में बिखेरी रंगों की छटा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आपसी भाईचारे का संदेश दिया। डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। परिसर में उत्साह और रंगों की छटा बिखर गई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद और सौहार्द बढ़ता है। (एजेंसी)

### ज्योतिषपीठ शंकराचार्य मठ में मनाई गई होली

चमोली। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य मठ में शनिवार को होली मनाई गई। यहां पढ़ने वाले गुरुकुल के छात्रों, मठ के लोगों के साथ स्थानीय लोगों ने होली खेली। शनिवार को ज्योतिर्मठ में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मठ के प्रभारी स्वामी विष्णुप्रियानंद ने बताया कि शुक्रवार को इलाहाबाद में रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में ज्योतिर्मठ में भी होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने सभी को होली का टीका लगाकर शुभकामनाएं दी। छात्रों ने भी एक दूसरे को टीका लगाया। मठ के प्रभारी ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के हाईकोर्ट में चल रहे मामले को लेकर कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत हुई है, यह सनातनियों के लिए खुशी की बात है। स्वामी सर्वानंद, शिवानंद उनियाल, जगदीश उनियाल, शिवम पांडेय, सरिता देवी, संपत्ति देवी, शोभा देवी, प्रियंका देवी, संतोष सती, जयदीप मंद्रवाल आदि मौजूद रहे।

### युवा संसद में पांच प्रतिभागी का राज्य स्तर के लिए चयन

चमोली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में शनिवार को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें ऐश्वर्या, मनीषा, विपिन, नेहा जोशी और मंजेश नेगी का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। ये पांचों प्रतिभागी देहरादून विधानसभा में चमोली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत चमोली, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पीजी कॉलेज गोपेश्वर ने संयुक्त रूप से किया। आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख विषय पर आयोजित युवा संसद में 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खत्री ने लोकतंत्र की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया।

### हादसों को न्योता दे रही अगलाड–थत्यूड़ सड़क

नई टिहरी। अगलाड– थत्यूड़ मोटर मार्ग पर लोनिवि की ओर से सुरक्षा के इंतजाम नहीं करने पर स्थानीय लोगों में शासन–प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यह सड़क बहुत ही संकरी है जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागन होता है। सड़क किनारे सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर नहीं लगे होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ रहता है। संकरी सड़क का स्थानीय लोग लंबे से से चौड़ीकरण करने की मांग करते आ रहे है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार, हीरामणि गौड़ का कहना है कि अगलाड– थत्यूड़ सड़क बेहद संकरी होने से पूर्व में कई बार वाहन हादसे हो चुके है जिन स्थानों पर सड़क बहुत अधिक संकरी और डेंजर जोन बने हुए है वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से क्रैश बैरियर लगाए जाने अति आवश्यक है।

### जीआईसी धौंतरी में हुआ विज्ञान मंडल पत्रिका का विमोचन

उत्तरकाशी। राजकीय इंटर कॉलेज धौंतरी में राष्ट्रीय विज्ञान दिसव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की वार्षिक विज्ञान मंडल पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नौटियाल ने किया। उन्होंने कहा कि राट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को जिज्ञासा, नवाचार और अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में अपार नैसर्गिक प्रतिभा होती है, जिसे विज्ञान मंडल जैसी पत्रिकाएं एक सशक्त मंच प्रदान कर वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य करती हैं। पत्रिका के संपादक डॉ. शंभू प्रसाद नौटियाल ने संपादन के अनुभवों को साझा करते हुए वर्ष 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अनिल सेमल्ट, डॉ. अचला चंदोक, शिवम बहुखंडी आदि मौजूद रहे।

## खतरनाक पेड़ों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



अल्मोड़ा। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर पेड़ों से बढ़ते खतरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जोखिमपूर्ण पेड़ों की शीघ्र पहचान कर उनके निस्तारण की मांग की गई। हाल ही में हवालबाग क्षेत्र स्थित एक छात्रावास की छत पर पेड़ गिरने की घटना का उल्लेख करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने इसे गंभीर बताया। घटना में जनहानि नहीं होने के बावजूद इसे बड़ी दुर्घटना की चेतावनी माना गया। इस मामले में वन विभाग की सतर्कता पर भी सवाल उठाए गए। राजीव गुरुरानी ने कहा कि वन विभाग फील्ड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कर ऐसे पेड़ों को चिन्हित करे, जो मकानों, छात्रावासों, मंदिरों और सरकारी विद्यालयों के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने हवालबाग की घटना की जांच की मांग करते हुए कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि पेड़ के कटान के लिए पूर्व में कोई आवेदन किया गया था या नहीं। यदि आवेदन लंबित रहा या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में शहरी क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ों की नियमित छंटाई और मंदिरों व विद्यालय परिसरों के आसपास जर्जर पेड़ों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने की मांग भी की गई। इस दौरान पार्षद अमित शाह, देवाशीष नेगी, ललित मेहता, दर्शन रावत, अभिषेक जोशी और चंदन बहुगुणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक

उत्तरकाशी। डीएम प्रशांत आर्य ने उद्यमियों को विधिवत रूप से औद्योगिक इकाइयों का संचालन करने को कहा है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण और औद्योगिक विकास को गति देने पर जोर दिया है। डीएम की अध्यक्षता में जिला सभागार में जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई। जिसमें उद्योग विभाग के राजकीय मिनी औद्योगिक आस्थानों में भूखंड आवंटियों, उद्यमियों की ओर से स्थापित इकाइयों की समीक्षा की गई। जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक शैली डबराल ने बताया कि जनपद में विभाग के तीन मिनी औद्योगिक आस्थान क्रमशः गणेशपुर भटवाड़ी, सैणी डुंडा और पुरोला में अवस्थित है। जिनमें से मिनी औद्योगिक आस्थान पुरोला अविकसित है। मिनी औद्योगिक आस्थान गणेशपुर भटवाड़ी व मिनी औद्योगिक आस्थान सैणी डुंडा विकसित है जिनमें क्रमशः 21 भूखंड व 31 भूखंड है, जो क्रमशः 13 व 9 उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं। डीएम ने औद्योगिक इकाई संचालन से संबंधित किसी भी समस्याओं के निस्तारण में सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे एवं विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और विज्ञान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुधीर रावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. अनिता रावत ने वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक रुचि उत्पन्न करना हमारा कार्य है। विज्ञान हमारे अन्दर नवाचार उत्पन्न करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विज्ञान को समाज से तथा समाज को विज्ञान से जोड़ने के लिए कहा। वनस्पति विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ. छाया सिंह ने कहा कि सतत विकास के लक्ष्य में वनस्पति विज्ञान एक उपकरण का कार्य करता है। जन्तु विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. दुदुन मेहता ने कहा कि रक्त समूह के ज्ञान से हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। वक्ताओं ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. विवेक रावत, डॉ. सुधीर रावत, डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## सर्विकल कैंसर के खिलाफ एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

### 14 साल की लड़कियों को लगेगा मुफ्त टीका, जनपद में 2282 को लगेगा टीका

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सर्विकल कैंसर के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत जनपद रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हो गया। अभियान के तहत जनपद में 14 वर्ष की 2282 लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।



जिला चिकित्सालय में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर राजस्थान से शुभांरभ किए गए उक्त अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर लगातार संवदेनशील है, इसी का नतीजा है कि गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए एचपीवी राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लक्षित आयु वर्ग की लड़कियों का टीकाकरण करवाने की अपील की है। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने कहा कि अभियान के तहत 14 साल की लड़कियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगवाई जाएगी। बताया कि जनपद में लक्षित आयुवर्ग की 2282 लड़कियों के टीकाकरणक का लक्ष्य रखा गया हे, जिसमें अगस्त्यमुनि ब्लाक में 1055, जखोली ब्लाक में 855 व ऊखीमठ ब्लाक में 372 लड़कियां शामिल हैं। जनपद में श्रेया को टीका लगाकर एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन 20 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर सीएमएस डॉ. शैलेंद्र द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी, डॉ. मनीष, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, एएनएम स्वाती उनियाल, गीता खन्ना, मीरा राणा, यशवंत राणा, जयवीर बिष्ट आदि मौजूद रहे। संचालन बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका राणा द्वारा किया गया।

## गांव में शराब पिलाई, जंगल में आग लगाई तो भरना होगा जुर्माना

चमोली। रंडोली ग्राम सभा की बैठक में सार्वजनिक समारोहों में शराब के सेवन और परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। महिला मंगल दल अध्यक्ष दीपा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि सामाजिक कार्यक्रमों में शराब परोसे जाने से गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्राम प्रधान सुनील सिंह की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक समारोह में शराब परोसने पर 25 हजार और शराब बेचने पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। बैठक में वनाग्नि की घटनाओं पर भी चिंता जताई गई और जंगल में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई व अर्थदंड का प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर विक्रम नेगी, प्रताप नेगी, बादर सिंह, राजेश्वरी, माहेश्वरी, रेखा, अनीता, ज्योति और नंदी देवी उपस्थित रहे।

## यमुनोत्री के 2.5 किमी जोखिम भरे रास्ते को सुरक्षित बनाएगा वन विभाग

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा से पहले यमुनोत्री धाम के वैकल्पिक पैदल मार्ग के सुधारीकरण को लेकर वन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। भंडेलीगाड से यमुनोत्री तक 2.5 किमी पैदल मार्ग पर मार्च से कार्य शुरू करने की योजना है।

विभाग ने 19 अप्रैल को कपाट खुलने से पहले मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाने का लक्ष्य रखा है। जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक कुल पांच किमी का पैदल सफर तय कर हर साल यात्री धाम के दर्शन को पहुंचते हैं। यमुनोत्री पैदल मार्ग के मध्य भंडेलीगाड से यमुनोत्री धाम तक करीब 2.5 किमी जोखिम भरा बना हुआ है। मार्ग संकरा और जोखिमभरा माना जाता है। विशेषकर पीक सीजन के दौरान जब श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है। मार्ग पर फिसलन और ढलान अधिक है। सुरक्षा इंतजाम सीमित है। फिलहाल इस हिस्से के रख रखाव का कार्य वन विभाग देख रहा है। पीक सीजन पर सुरक्षा और सुव्यवस्थित यात्रा के लिहाज से मार्ग का उपयोग किया जाता है लेकिन मार्ग जोखिम भरा होने से चारधाम यात्रा से जुड़े हुए घोड़े खच्चर, डंडी कंडी मजदूर इसे सुरक्षित और सुगम बनाने की मांग करते आ रहे है। चारधाम यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि इस बार यात्रा से पहले मार्ग की स्थिति बेहतर होगी जिससे यात्रा अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बन सकेगी। अपर यमुना वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी रविंद्र पुंडीर ने बताया कि जल्द ही उक्त मार्ग से सुधारीकरण का बजट जिला प्रशासन से अवमुक्त होने वाला है। मार्च में इस पर सुधारीकरण काम शुरू कर कपाट खुलने से पहले इसे सुरक्षित और सुगम बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## मेयर पासवान की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा

ऋषिकेश। नगर क्षेत्र की आबोहवा को साफ करने के लिए नगर निगम ने सालभर में चार करोड़ 84 लाख रुपये खर्च किए हैं। इनमें 80 प्रतिशत कार्यों को पूरा कर लिया गया है। वहीं, 20 फीसदी काम मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

दावा है कि इन कार्यों के सम्पन्न होने से शहर की हवा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 136 के निम्न स्तर से संतोषजक 84 पर पहुंच गया है। इसे 60 तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नए वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत नगर निगम को पांच करोड़ 21 लाख रुपये मिलना तय है। शनिवार को निगम कार्यालय में मेयर शंभू पासवान की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने साफ हवा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यों की जानकारी साझा की। बताया कि वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र सरकार ने ऋषिकेश को भी राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शामिल किया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में सरकार ने पांच मंदों में वायु प्रदूषण रोकथाम को चार करोड़ 84 लाख रुपये जारी किए थे। इनमें सर्वाधिक तीन करोड़ तीन लाख सड़कों के कच्चे किनारों को इंटरलॉकिंग टाइल्स के माध्यम से पक्का करने पर खर्च हुए हैं। सर्वे में कच्चे किनारों की वजह से नगर क्षेत्र की हवा में सर्वाधिक प्रदूषण होना पाया गया था। नगर आयुक्त ने बताया कि ट्रैफिक जाम, कूड़ा जलाने और औद्योगिक इकाइयों भी प्रदूषण का कारण बनीं। इसी तरह से ग्रीन बेल्ट विकसित करने, जागरूकता, यातयात प्रबंधन और जागरूकता पर भी एक करोड़ से ज्यादा बजट व्यय हुआ है। बताया कि नए वित्तीय वर्ष में भी ऋषिकेश के लिए कार्यक्रम में बजट का प्रावधान है। निर्धारित मदों में आवश्यक कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## प्रभाग दिवस में वन पंचायत सरपंचों ने रखी समस्याएं

चमोली। आटागाड़ रेंज की ओर से प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन सरपंचों ने अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वही लंबित शिकायतों को शासन को प्रेषित किया गया। इस मौके पर सभी सरपंचो का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को वन विभाग के विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच संगठन के जिलाध्यक्ष कैलाश खंडूड़ी ने कहा कि फायर सीजन के दौरान वनों को आगे से बचाने में सरपंच की भूमिका अहम होती है लेकिन सरपंचों को न मानदेय मिलता है, न ही उनके लिए कोई बीमा की व्यवस्था है। क्षेत्रीय परामशदार्ती माला कंडारी ने कहा कि वनों को आग से बचाने के लिए गांवों में कोई सुविधा नहीं दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार निराला ने बताया कि सभी सरपंचों की समस्याएं सुनी गई है। साथ ही अन्य समस्याओं को उच्चधिकारियों को अवगत कराया गया है।

## इलाहाबाद से शैक्षिक व सांस्कृतिक भ्रमण कर लौटे प्राध्यापक

चमोली। उत्तराखंड के 40 प्राध्यापकों का दल शैक्षिक व सांस्कृतिक अध्ययन भ्रमण कर इलाहाबाद से लौट आया है। दल में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर गोपेश्वर के दो प्राध्यापक शामिल रहे। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से गुणवत्ता उन्नयन प्रशिक्षण योजना के तहत यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भ्रमण से लौटे पीजी कॉलेज के प्राध्यापकों ने बताया कि प्रदेश के 40 प्राध्यापक इस दल में शामिल रहे। यह भ्रमण 16 फरवरी से 21 फरवरी तक इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज में संपन्न हुआ। दल ने वहां त्रिवेणी संगम, इलाहाबाद किला, आनंद भवन, खुसरो बाग, सरस्वती घाट, हनुमान मंदिर, इलाहबाद संग्रहालय का अवलोकन किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यानों का अनुश्रवण किया। दल ने काशी विश्वनाथ मंदिर और सारनाथ का भी भ्रमण किया।

दल में पीजी कॉलेज गोपेश्वर से वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. घनश्याम सिंह और अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार शामिल रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कहा कि इस शैक्षिक भ्रमण का लाभ निश्चित रूप से अकादमिक प्रगति में मिलेगा।

## घर में अकेली रह रही बुजुर्ग महिला का शव जली हालत में मिला

चमोली। नारायणबगड़ थाना पुलिस थराली ने विकासखंड के हरमनी तल्ली गांव में अकेली रह रही एक बुजुर्ग महिला का शव जली हुई हालत में बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के प्रधान बीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि गांव की बुजुर्ग महिला शोभा देवी पत्नी अपने घर में अकेले रहती थीं और उनका गांव वालों से ज्यादा संपर्क भी नहीं था। 25 फरवरी को आखिरी बार उन्हें घर में देखा गया था। 27 फरवरी को उनकी बेटी कमलेश जोकि देहरादून में रहती है, गांव पहुंची तो घर की ग्रिल पर अंदर की ओर से ताला लगा हुआ था। ग्रिल के ताले और दरवाजे को तोड़कर अंदर देखा तो वहां उनकी मां जली हुई हालत में मरी पड़ी थीं। उन्होंने इसकी जानकारी अपनी बहनों और भाई तथा अन्य रिशतेदारों को दी। शुक्रवार रात को गैरबारम गांव के उनके रिश्तेदार बिक्रमसिंह की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में ले लिया था। शनिवार को नारायणबगड़ चौकी प्रभारी देवेंद्र भारती ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल कर्णप्रयाग भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद चौरसिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जली मोमबत्ती के कारण आग लगने का प्रतीत होता है।

## बहुद्देशीय शिविर में एसबीआई ने जरूरतमंदों को वितरित की सहायक सामग्री

अल्मोड़ा। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भिकियासैंण में आयोजित वृहद बहुउद्देशीय शिविर में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विशेष पहल देखने को मिली। शिविर में एक ओर जहां आमजन और विद्यार्थियों को विधिक अधिकारों और निःशुल्क सहायता की जानकारी दी गई, वहीं दूसरी ओर एसबीआई ने जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी सामग्री वितरित कर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

शिविर में राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, महिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक की ओर से जन–जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। क्षेत्रीय प्रबंधक कमल छाबड़ा के मार्गदर्शन और मानव संसाधन प्रबंधक अजय कुमार मिश्रा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एसबीआई भिकियासैंण शाखा ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत 100 छड़ियां, 50 श्रवण यंत्र और 25 वाटर प्यूरीफायर जरूरतमंद लोगों को वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।



## अस्पताल परिसर में स्थायी पुलिस चौकी खोलने की मांग

उत्तरकाशी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ मारपीट व अभद्रता की घटनाओं को लेकर कई बार चर्चाओं में रहा है। अस्पताल स्टाफ लंबे समय से परिसर में स्थायी पुलिस चौकी खोलने की मांग करता आया है लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्ष 2017 में कोतवाली पुलिस उत्तरकाशी ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत अस्पताल परिसर में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की थी। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की ओर से इसका विधिवत उद्घाटन भी किया गया था। हालांकि, बाद में किन्हीं कारणों से यह चौकी हटा दी गई। पिछले कुछ वर्षों में अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाएं बढ़ी है। गत वर्ष इमरजेंसी वार्ड में रात के समय डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन से स्थायी चौकी खोलने की मांग को फिर से प्रमुखता से उठाया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीएस पोखरियाल के अनुसार, कई बार मरीजों के तीमारदारों की ओर से डॉक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। बीते वर्षों में सामने आए मामलों के कारण अस्पताल स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस चौकी का प्रस्ताव काफी पहले पुलिस प्रशासन को भेजा जा चुका है ।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com